मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, नहीं । राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् ने सूचित किया है कि उनकी वर्ष 1991–92 और वर्ष 1992–93 के लिए पाठ्यपुस्तकों का मुद्रण हो गया था और उन्हें समय पर उपलब्ध करा दिया गया था ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् की पाठ्यपुस्तकों की कुल मांग लगभग 45 मिलियन प्रतियां थी ।

(घ) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा–I से XI के लिये निर्धारित किये सभी विषयों के लिये शैक्षिक सत्र वर्ष 1991–92 और वर्ष 1992–93 हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् द्वारा 515 पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन किया गया ।

लाल किले के परकोटे पर जंगली घास का उगना

2488. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अनेक पुरातात्विक इमारतों की देख रेख और रख-रखाव ठीक न होने के कारण उनका ह्रास हो रहा है ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि भारत की राजधानी में स्थित लाल किले के परकोटे पर जंगली घास और पेड़ उग आये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो यह स्थिति कब से है और उन्हें हटाने में ढील बरतने के क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों को सुरक्षा उनकी प्राथमिकता के आधार पर वास्तविक संरचनात्मक जरूरतों के अनुसार प्रायः एक निरन्तर प्रक्रिया के रूप में करता है, ताकि उनको खराब होने और नष्ट होने से बचाया जा सके ।

(ख) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियंत्रण में लाल किला, दिल्ली के परकोटे का केवल एक भाग है और इस भाग को सरकार घास, पेड़ आदि से रहित रखती हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Deciphering of the Harappan Script

2489. MISS SAROJ K.HAPAR DE : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that an officer of the Bhagalpur Transport Office in Bihar claims to have deciphered the ancient Harappan Script as a news item to this effect appeared in the Times of India dated the 5th July, 1992, under the capaon 'Bihoar Officer deciphers Harappan Script; Scepties await more proof ; and

(b) if so, what is the reaction of Government in the matter ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) Yes, Sir.